परिभाषाः– एक सप्तक 'स' स्वर से 'नि' स्वर तक होता है। जब इस 'नि' स्वर के बाद 'स' आता है तो पहले 'स' से दुगुना ऊँचा होता है। इस रूप में दूसरा नया सप्तक आरम्भ होता है। इस नये सप्तक के सभी स्वर पहले सप्तक के स्वरों से दुगने ऊँचे होते है परन्तु विद्वानों ने municologist ने केवल तीन सप्तक माने है। (i) मन्द्र सप्तक (ii) मध्य सप्तक (iii) तार सप्तक इनको आधार स्थान कहकर भी पुकारते है। सबसे प्रथम मन्द्र सप्तक आता है। जिन सप्तक के स्वरों की आवाज़ सबसे नीची हो अथवा मध्य सप्तक से आधी हो उससे मन्द्र सप्तक मन्द्र सप्तक कहा जाता है। मातखण्डे पद्वति में इसके स्वरों की पहचान यह है स रे ग म प ध नि मन्द सप्तक के स्वरों को बोलने पर कण्ठ पर और तार सप्तक के स्वरों का व्यवहार करने पर या गाने में हृदय पर, मध्य सप्तक के स्वरों को बोलने में कण्ठ पर और तार सप्तक के स्वरों का व्यवहार करने पर ताल पर जोर लगाना पड़ता है।

(i) मध्य सप्तक Middle octave:- मध्य का अर्थ है वीच का यानि न अधिक व नीचा न अधिक ऊँचा मन्द्र सप्तक से दुगनी आवाज होने पर मध्य सप्तक कहलाता है। इसके स्वरों पर कोई चिन्ह नहीं होता है। स रे ग म प ध नि (मध्य सप्तक) गायन अथवा वादन का अधिकाश भाग जिस सप्तक में होता है उससे मध्य सप्तक कहते है। सप्तक से थाट व थाट से रागों की रचना मानी गई है। मध्य सप्तक के स्वर अपने पिछले सप्तक अर्थात मन्द्र सप्तक के स्वरों से दुगनी उँचाई पर होते है।

(ii) तार सप्तक (Higher octave) मध्य सप्तक, से दुगुनी ऊँची आवाज होने पर तार सप्तक कहलाता है। इस सप्तक के स्वरों को उच्चारण करते हुये हमारे मस्तक व तालू पर लगाव पड़ता है। इसे उच्च सप्तक भी कहते है। इसकी पहचान के लिए स्वरों के उपर एक बिन्दू लगा दिया जाता है। जैसे– सं रें गें मं पं धं निं (तार सप्तक)

2.1 (viii) that (थाट) scale:-

2.1.1. Explanation of the term (व्याख्या)

'मेल' (थाट) स्वरों के उस समुह को कहते है जिससे राग उत्पन्न हो सके। नाद से स्वर स्वरों से सप्तक ओर सप्तक से थाट तैयार होते है। एक सप्तक से शुद्ध विकृत कोमल तीव्र मिलाकर कुल 12 स्वर होते है। इन्हीं 12 स्वरों की

सहायता से थाट तैयार होते है। थाट को ही संस्कृत में 'मेल' के नाम से पुकारा जाता है। संगीत में नाद से श्रुति से स्वर तथा स्वर से सप्तक की उत्पत्ति होती है।

Defination (परिभाषा) सप्तक के सातो स्वरों के क्रमानुसार समुह को थाट कहते है।

थाट में सप्तक के शुद्ध तथा विकृत स्वरों में से प्रत्येक स्वर का कोई न कोई रूप अवश्य होना चाहिए, तथा उसमें अनेक राग उत्पन्न होने की शक्ति भी होनी चाहिए। कोई राग किस थाट ने सम्बन्ध रखता है, अर्थात उसमें कोन से शुद्ध कोमल और तीव्र स्वर लगते है। यह थाट ही सूचित करता है। इसलिए आधुनिक राग का प्रथम लक्षण थाट माना गया है।

Rules relating to the thtas or scales:-

i) थाट के नियमः–

थाट हमेशा सम्पूर्ण जाति का अर्थात सातों स्वर वाला होना चाहिए। उसके स्वर शुद्ध हो अथवा विकृत।

ii) थाट के सातों स्वर क्रमःनुसार होने चाहिए। अर्थात सा के बाद रे अवश्य आना चाहिए। ग नहीं

iii) थाट से राग का जन्म माना गया है।

iv) थाट गाये नहीं जाते, इसलिए थाट में रंजकता वादी सम्वादी पकड गायन समय आदि आवश्यक नहीं है।

v) उत्तरी संगीत पद्धति में थाटो की संख्या 10 मानी गई है। उनके नाम हैः–

बिलावल, खमाज, कल्याण, काफी, आसावरी, मैख, मैखी, पूवी भरवा, और तोडी, ये जनक थाट कहलाते है।

vi) थाट मैं आरोह अवरोह दोनों का होना आवश्यक नहीं है। बल्कि इसमें केवल आरोह ही होता है।

vii) थाट में एक ही स्वर के दो रूप (कोमल व तीव्र) साथ साथ भी आ सकते है।

The Accepted No of thatas (Scales):-

थाटो की संख्या :– इन्हीं 10 थाटो के अन्तरगत मातखण्डे जी ने हिन्दोस्तानी रागों को बाधं दिया है।

1. बिलावल :– स रे ग म प ध नि (सबस्वर शुद्ध)
2. यमन :– स रे ग मे प ध नि (में तीव्र)
3. खमाज :– स रे ग म प ध $\bar{\text{नि}}$ (नि् कोमल)
4. मारवा :– स रे् ग मे प ध नि (रे् कोमल)
5. काफीः– स रे ग म प ध नि (ग् नि् कोमल)

6. भैरवः– स रे॒ ग म प ध॒ नि (रे॒ ध॒ कोमल)

7. पूर्वीः– स रे॒ ग मे प ध नि (रे॒ ध॒ कोमल)

8. आसावरी :– स रे ग म प ध नि (ग॒ ध॒ नि॒ कोमल)

9. तोड़ी :– स रे ग में प ध नि (रे॒ ग॒ ध॒ कोमल)

10. भैरवीः– स रे॒ ग म प ध॒ नि (रे॒ ग॒ ध॒ नि॒ कोमल)

2.1 (ix) Rag (राग)

2.1.1 Explanation of the term : (व्याख्या)

राग शब्द मूलता संस्कृत भाषा का है। जिसका उदगम 'रज' धातु से हुआ है। इसकी उत्पत्ति से स्पष्ट होता है कि रजकता से ही राग है रंज धातु का प्रयोग रंगने के अर्थ में बताया गया है। अर्थात राग का अर्थ है हमारे मन को अपने रंग में रंग लेना। और यही राग का अर्थ है। राग शब्द का प्रादुर्भाव प्राचीन काल में ही हो चुका था। महार्षि भरत ने 'नारय शास्त्र' में 'राग' शब्द का प्रयोग केवल रंजन के लिए किया था।

2.1.2 Definition (परिभाषा)

ध्वनि की व विशष्ट रचना जिसमें स्वर तथा वर्ण के कारण सौन्दर्य होता है जो मनुष्य के चित का रंजन करे अर्थात जो श्रोताओं के मन को प्रसन्न करे बुद्धिमान लोग उससे 'राग' कहते है।

राग की परिभाषा में कहा गया हैः–

स्वरर्वण विशेषणा ध्वनिभेदन वा पुनः

रज्यते येन यः कश्चित् स रागः

समतः सताम्ः

अर्थात गान क्रिया से अथवा ध्वनि भेद के द्वारा जो जनरंजन में समर्थ है, वह राग है सारे शास्त्रीय संगीत का भवन राग रूपी नीव पर ही खड़ा है।

Rules Governing the structure of Ragas are:-

राग के नियम :– (1) राग किसी थाट से उत्पन्न होना चाहिए।

(2) ध्वनि की एक विशेष रचना हो।

(3) राग में स्वर तथा वर्णा हो।

(4) रंजकता यानि सुन्दरता हो।

(5) राग में कम से कम 5 स्वर अवश्य होने चाहिए।

(6) राग में आरोह अवरोह होना बड़ा अनिवार्य है। क्योंकि इनके भिन्न राग का रूप पहचानना नहीं जा सकता।

(7) किसी भी राग में षड़ज से स्वर वर्जित नहीं होता।

(8) मध्यम तथा पंचम यह दो स्वर एक साथ तथा एक ही समय कभी भी वर्जित नहीं होते।

(9) राग में वादी–सम्वादी स्वर अवश्यक रहते है। इन स्वनों पर ही विशेष ध्यान रहता है।

(ii) Short Term Definitions:-

2.1 (i) Aroha आरोह Ascent of Notes:-

2.1.1 Explanation of the term (व्याख्या)

Definition of Aroh परिभाषा

गाने बजाने की जो क्रिया है उसे वर्ण कहते है। वर्णा चार प्रकार के होते है जैसे 1. स्थायी, 2. आरोही, 3. अवरोही, 4. ओर संचारी वर्ण कहते है।

आरोह :– नीचे स्वर से ऊँचे स्वर तक चढ़ने या गाने बजाने की क्रिया को आरोह अर्थात आरोही वर्ण कहा जाता है। यानि सप्तक के स्वरों की सीढी पर चढ़ने को आरोह कहा जाता है।

Explantion of term:– (व्याख्या)

स्वरों का प्रयोग किस क्रम से होना चाहिए यह लक्षण आरोह अवरोह से ही पता चलता है। गीत बजाते समय गायक अथवा वादक किसी भी एक स्वर पर बहुत समय तक नहीं ठहरता, बल्कि उस स्वर से उपर नीचे चढता उतरता है। उदाहरणर्थः नि स ग म प नि सां स्वर का क्रम राग बिहाग के आरोह का है। कभी कभी हम देखते है कुछ रागों में स्वरों का उतार चढ़ाव स्पाट न होकर वक्र होता है। जैसे राग केदार का अरोह लीजियेः स म म प, ध प नि ध ा सं, इमसें ध प और नि ध अवरोहात्मक स्वर है।

2.1 (ii) Avroh (अवरोह) Descent of Notes:-

2.1.1 Explanation of term (व्याख्या)

अवरोहः– ऊँचे स्वर से नीचे स्वरों पर आने या गाने बजाने की क्रिया को अवरोह कहा जाता है।

जैसेः– पउज स्वर से नीचे के स्वर गाने है या बजाने है तो सं नि ध प म ग रे स यह अवरोह हुआ। आरोह अवरोह गाते बजाते समय हम यह देखते है कि गायक अथवा वादक किसी भी स्वर पर अधिक देर तक नहीं ठहरता। बल्कि उस स्वर से उपर नीचे चढता–उतराता है। तार (सां) से मध्य (स) तक उतरते हुए स्वरों के क्रम को अवरोह कहा

जाता है। राग यमन के अवरोह के स्वर सं नि ध प मे ग रे म, कभी कभी हम यह देखते है कि कुछ राग में स्वरों का उत्तार चढ़ाव सपाट न होकर वक्र होता है अथवा कुछ स्वर वर्जित होते है, जैसे राग बिहाग का अवरोह है स नि ध प मे प ग म ग रे स इसमें मे प और ग म, स्वर आरोहात्मक है अर्थात वक्र है। ऐसी परिस्थित में अवरोह की परिभाषा इस प्रकार होगीः–

Definition (परिभाषा) ''राग की धलन के अनुसार तथा वर्जित स्वरों का ध्यान रखते हुए स्वरों के उतरते हुए क्रम को 'अवरोह' कहते है।

2.1. (iii) Pakad (पकड)

2.1.2 Definition of the term (परिभाषा)

यह छोटा सा छोटा स्वर समुदाय जिससे केवल एक राग का बोध हो राग की पकड कहलाती है। स्वयं पकड शब्द से यह साफ है कि जिससे किसी राग को पकड़ा जा सके। पकड कहलाता है।

Explanation of the term : (व्याख्या)

इस छोटे समुदाय को राग का मुख्य अंग भी कहा जा सकता है। गाते बजाते समय पकड का प्रयोग बार बार किया जाता है। प्रत्येक राग की पकड एक दूसरे से भिन्न होती है।

उदाहरण के लिए राग खमाज की पकड़ इस प्रकार है। नि् ध, प, ध, म, ग। पकड को राग विस्तार में बार बार लिया जाता है। रागों में पकड का एक महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है।

2.1 Vadi Swar (वादी स्वर)

2.1.2 Definition of the term (परिभाषा)

राग का पाँचवा लक्षण वादी सम्वादी कहलाता है। राग में एक ऐसा प्रबल स्वर है जिसका प्रयोग राग में अन्य स्वरों से अधिक होता है, तथा गायन वादन में इस स्वर का प्रयोग बार बार होता है। जिससे राग स्पष्ट होता है। ऐसे स्वर को राग का वादी स्वर कहकर पुकारा जाता है।

''वदति इति वादी'' अर्थात जिस स्वर में राग की परख होती है। इसका राजा की उपमा दी गई है।

Explanation of the term (व्याख्या)

राग की सत्ता को बनाए रखते है। वादी स्वर को राग का मुख्या वा जीव स्वर अशं स्वर, आदि नामों से सम्बोधित किया जाता है। उदहारण के लिए राग काफी का वादी स्वर पंचम है इसलिए इसमें पंचम स्वर का विशेष महत्व है।

Importance of Vadi Swar:-

महत्वः– जहां तक वादी स्वर के महत्व का अटूट सम्बंध इसका राग के समय का घनिष्ट सम्बध अर्थात संन्धि प्रकाश राग जैसेः– जिस राग का वादी स्वर सप्तक के पूर्वाड में अर्थातः– स रे ग मं या 'प' स्वरों में होता है। वे वादी राग अथवा पूर्व राग कहलाते है। इन रागों के गाने का समय 12 बजे दिन से 12 बजे रात तक होता है। इसी प्रकार जिन रागों के वादी स्वर सप्तक के उत्तराड अर्थात 'म' या 'प' ध नि सां स्वरों में होता है। वह उत्तरांड वादी राग अथवा उत्तर राग कहलाता है। इन रागों के गाने का समय रात के 12 बजे से दिन के 12 बजे तक होता है।

2.1 Samvadi Swar (सम्वादी स्वर)

2.1.2 Definition of the term (परिभाषा)

जो स्वर राग में वादी स्वर की अपेक्षा कम तथा राग में लगने वाले अन्य स्वरों से अधिक प्रयोग किया जाता है उससे संवादी स्वर कहा जाता है।

Explanation of the term (व्याख्या)

वादी स्वर के सहायक को संवादी स्वर कहा जाता है। तभी तो शास्कारों ने इससे मंत्री की उपाधी दी है। वादी स्वर से चौथे या पाँचवे नम्बर पर संवादी स्वर होता है। राग के समय के सम्बन्ध में सूचित करता है। इन स्वरों में 9 या 13 श्रुतियों का अन्तर होता है। वादी–सम्वादी स्वर सदैव षडज–मध्यम तथा षउज–पंचम भाव से होता है। उदाहरण राग यमन में वादी 'ग' और 'नि' सवांदी है जो षउंज पंचम भाव से है।

2.1 Anuvadi Swar (अनुवादी स्वर)

Definition of the term (परिभाषा)

वादी सम्वादी के अतिनिक्त जो स्वर राग में लगते है वे अनुवादी कहलाते है।

Explanation of the term (व्याख्या)

राग कल्याण में वादी गाधार है तथा संम्वादी निषाद है, इनको स्वरों को छोड़कर बाकी स्वर कल्याण राग के अनुवादी स्वर है। अर्थात स रे ग म प ध स्वर कल्याण राग के अनुवादी स्वर है।

2.1 Vivadi Swar (विवादी स्वर)

Definition of the term (परिभाषा)

विवादी का वास्तविक अर्थ तो बिगाड पैदा करने वाला ही होता है अर्थात ऐसा स्वर जिससे राग का स्वरूप बिगड जावे इसलिए विवादी स्वर को शत्रु (बैरी) की उपमा शास्त्रों में दी गई है। इससे वर्जित स्वर भी कह सकते है।

Explanation of the term (व्याख्या)

अर्गचि विवादी स्वर को राग का शत्रु माना जाता है परन्तु इस स्वर का प्रयोग कभी कभी राग की शोभा को बठाने के लिए कुशलता पूर्वक किया जाता है। कुछ रागों में विवादी स्वरों ने महत्व पूर्ण स्थान ग्रहण कर लिया है। जैसे राग हमीर, केदार आदि में कोमल निषाद का प्रयोग बहुतायत से होता है। राग बिहाग में तीव्र म विवादी स्वर है। इनका प्रयोग अब इतना अधिक होने लगा है कि ये अनुवादी का स्थान ग्रहण कर रहे है। केवल कुशल गायक या वादक विवादी स्वर का प्रयोग कर सकते है।

अर्थात जब वह राग को गाते बजाते है तो श्रोतगण के हृदय मे एक अजूबा उत्पन्न करते है। जिससे श्रोतागण मन्त्रमुग्ध होते है।

2.1 Varjit Swar (वर्जित स्वर)

2.1.2 Definition of the term

(परिभाषा) :– जो स्वर राग का शत्रू माना जाता है। अतः जिससे राग का स्वरूप बिगड़ जाता है उससे वर्जित स्वर कहा जाता है।

Explanation of the term (व्याख्या)

राग भूपाली में 'भा' और नि स्वर वर्जित स्वर है। इस प्रकार राग खमाज के आरोह में 'रे' वर्जित है। वज्य स्वर और विवादी स्वर में अन्तर है। र्वज्य स्वर का प्रयोग राग में नहीं होता, किन्तु विवादी स्वर का प्रयोग राग की रजकता बठाने के लिए कभी कभी कर लिया जाता है।

Progress Exercise

1. Name the three Aspects of Music, also write them in order of preference as mentioned in Sangeet Ratnakar.
2. Define Nad (Also write two types of Nad)
3. Differentiate between 'Nad' and Shruti
4. Write down the brief definition of 'Raga' and 'Thata' and the basic difference between the two.
5. Write down the main difference between varjit swar and vivadi swar.

Books to be studied:-

1. Sangeet Shastra Darpan; published Sangeet Karyalaya Vol. I & II, Hatras (U.P)

2. Sangeet Visharad by Basant Pub. Ratnakar pathak - 27 Mahajani Tola Allahabad

   Rag Parichay Vol I & II by Prof. Harish Srivastava; Pub. Sangeet Sadan Prakashan Allahabad.

3. Biographical sketch of the following Musicians:-

   i) Pandit V.N. Bhattchandey.

   ii) Pandit V. D. Paluskar

Section B

(III) Pt. Vishnu Narayan Bhatkhandey Life Sketch

Date and Place of Birth:-

(i) पं॰ विष्णु नारायण मातखण्डे का जन्म 10 आगस्त स1 1860 ई॰ को बम्बई के बालकेश्वर नामक गाँव में कृष्ण जन्मअष्टमी के दिन हुआ।

(ii) आपके पिता माता संगीत के बड़े प्रेमी थे। आपके पिता कानून बनाया करते थे उन्हें अपने पिता से संगीत सीखने की प्रेरणा मिली। माता एक योग्य वैधा तथा घरेलू चिकित्सा में प्रवीणा महिला थी। पंडित जी को बचपन से ही गाने में लगाव था। इन्होंने बाल्यवस्था में स्कूल आदि कई स्थानों से संगीत (गाने) में पारितोषिक प्राप्त किए। विद्यार्थी जीवन में बंसुरी भी बहुत अच्छा बजाने लगे थे।

इसी समय सितार सीखने का भी शोक हुआ। बम्बई के प्रमुख बीनकार श्री जीवन जी महाराज के शिष्य सेठ बल्लभ दास जी महाराज (सूर) से लगभग तीन वर्ष तक सितार सीखा।

Training in Music and Futelage (संगीतिक शिक्षणा) प॰ विष्णु नारायण मातखण्डे जी गुरूराव जी बुआ बोलबाथकर जयपूर के मुहम्मद अली खाँ, ग्वालियर के पंडित एकनाथ, रामपूर के कलवे अली खाँ आदि व्यक्तियों से गायन सीखा विद्यालय के विशेष अवसरों पर व गानागाकर पुरस्कार भी प्राप्त करते थे। साथ ही साथ स्कूल पठाई में भी आपने बाधा नहीं पड़ने दी। जब आप काले में पड़ते थे, तभी से आपने शास्त्रीय संगीत नियमित रूप से सीखना आरम्भ किया था। उनकी रूचि संगीत से थी और वे संगीत जगत में ही रहना चाहते थे।

Individuality (व्यक्तित्व)

Academic Carrier

सन् 1883 ई॰ में बी.ए. और 1890 ई॰ में एल.एल.बी (वकालत) परीक्षाये पास कर ली। किन्तु आर्थिक व्यवस्था ठीक न होने के कारण बम्बई के एलफिस्टन हाई स्कूल में अध्यापक हो गये। वकालत पास करने के उपरान्त सन 1890 में कराची जाकर वकालत शुरू कर दी। फिर से कुछ दिन बम्बई आकर वकालत प्रारम्भ कर दी।

Urge for Research :– पं॰ जी ने देश विभिन्न भागों में भ्रमण किया और संगीत के प्राचीन ग्रंथों की खोज की। भ्रमण में जहा भी कोई संगीत विद्वान का पता चला उससे मिलने लगे।

जो कुछ भी ज्ञान धन देकर सेवा कर अथवा शिष्य बनकर भी प्राप्त हो सका उन्होंने निसंकोच प्राप्त किया। कही कही तो उन्हें बहुत दिक्कते भी उठानी पड़ी। आपने सर्व प्रथम श्री राव जी बेल बाथकर से संगीत प्रारम्भ किया। इनसे आपको स्वरलिपि (नोटेशन) का कुछ भी ज्ञान ना हुआ। इसके लिए आपने अहमदाबाद, जूनगठ, जामनगर,, बरोच, सूरत, बडोदा आदि स्थानों का भ्रमण किया। साथ ही साथ बड़े बड़े पुस्तकालयों आदि से अनेकों संगीत सम्बन्धी पुस्तकों की छानबीन की।

इस प्रकार मातखण्डे जी जीवन पर्यन्त संगीत की अथक सेवा करते रहे। और 19 सितम्बर 1936 को उनका देहान्ता हो गया। वास्तव में विष्णु दिगम्बर और मातखंण्डे एक दूसरे के पूरक थे। संगीत के साथ यह दोनों विभूतियो भी अमर रहेगी। ग्वालियर और बडोदा सरकार ने आर्थिक योग में विशेष साइपता की। इस तरग गणेश चतुदशी के दिन आप परलोक सिद्वारे। आपका नाम व काम संगीत जगत में हमेशा अमर रहेगा।

Section B

iii) Pt. (Vishnu Digambar Paluskar)

1. Life Sketch

2. Date and Place of Birth :-

i) आपका जन्म सन् 1872 ई॰ में 18 अगस्त श्रावण पूर्णिमा के दिन रियासत कुरूदवाड जिला बेलगांव में 8 बजे रात को हुआ था।

ii) **Family Background –** वि.डी. पुलस्कर जी के पिता का नाम दिगम्बर गोपाल और माता का नाम गंगा देवी था। पिता एक अच्छे कीर्तनकार थे और यह उनका वशं परंपरागत व्यवसाय था। और उन्होंने पंडित जी को अंग्रेजी शिक्षा दिलाना आरम्भ किया। बाल्यवस्था की चपलता के कारण आतशबाजी खेलते समस आँखे कुछ खराब हो गई थी। जिसके कारण इन्हें पढाई का कार्य बन्द कर देना पड़ा। (स्थागित कर देना पड़ा) आँख के बिना कोई उचित धंधा न मिलने के कारण विवश होकर आपके पिता ने आपको संगीत सिखाने का सोचा। इनको अभिरूचि संगीत सीखने की और बढने लगी। आपने 15 वर्ष की अवस्था से संगीत सीखना प्रारम्भ किया।

(iii) Training in Music and tutelage:- (संगीतिक शिक्षण)

पं॰ विष्णु दिगम्बर जी को मिरज के पंडित बालकृष्ण बुआ इचलकरजीकर के पास संगीत शिक्षा के लिए भेज दिया। मिरज रियासत के तत्कालीन महाराजा ने उनको प्रतिभा से प्रभावित होकर इन्हें राजाश्रय दे दिया और उनके लिए प्रत्येक प्रकार की व्यवस्था कर दी।

(iv) Individuality (व्यक्तित्व):–

एक बार मिरज में एक सार्वजनिक सभा आयोजित की गई और रियासत के सर्वत्र प्रतिष्ठित व्यक्तियों को निमन्त्रित किया गया प॰ विष्णु दिगम्बर जी को बलाया गया। किन्तु उनके गुरू जी को निमन्त्रित नहीं किया गया। प॰ जी ने इसका कारण जानना चाहा। पूछने पर उन्हें आर्श्चय जनक उत्तर मिला कि अरे वे तो गवैये है। उन्हें निमन्त्रित करने की क्या आवश्यकता। अपने पूज्य गुरू और गवैयों के विषय में वे सोचने लगे कि समाज में संगीतज्ञों की यह दयनी दशा। प॰ जी ने उसी क्षण संगीतज्ञों की दशा सुधारने व समाज में संगीत को उच्च स्थान प्राप्त करने तथा संगीतज्ञ का प्रचार व प्रसार का दृढ निश्चय किया। 15 वर्ष की अवस्था में उनका विवाह श्रीमती रमा बाह के साथ हो गया। इनके बारह बच्चे हुए जिनमें अब एक भी जीवित नही है। कुछ वर्ष पूर्व इनके प्रतिभाशाली पुत्र जिनकी अवस्था 26 वर्ष की थी का भी देहान्त हो गया। इनका नाम प॰ दत्रात्रेय विष्णु पुलस्कर था। आप संगीत के क्षेत्र में एक सितारे की तरह चमक रहे थे और अपने सरस तथा मधुर संगीत से संगीत–प्रेमियों का मन मोह रहे थे।

Pt. V. Bhatkhanday

Progress Exercise:-

1. What was the date and place of birth of Pt. V. N. Bhathlanday.
2. How Pt. Ji could get interest in the field of Music.
3. From where Pt. Ji got initial training in music?
4. Who were the musicians responsible to shape Pt. Jee's style of singing.
5. What do you know about the academic carrier of Pt. Ji.

Pt. V. N. Bhatkhanday

Books / Reference to be consulted:-

1. Hamareee Sangeet Rattan by Laxmi Narayan Garg. Pub. By Sangeet Karyalaya Hathras (U.P.)
2. Sangeet Shastra Darpan Vol Ist by Smt. Shanti Goverdhan. Published by Pathak 27 Mahajani Tola (Allahabad).

3. Hindustani Music by Ashok D.A. RANDE Pub. by the Director National Book, trust India As. Green Park. New Delhi - 110016

4. Sangeet Nibandh Malla by Pathak Publication Allahabad.

5. Rag Parichay by Harish Chander Shrivastava Ji Vol II & III Allahabad.

Pt. V. D. Plusakar

Progress Exercises

i) What was the date and place of birth of Pt. Vishnu Dighmber Pulsakar.

2. What do you know about the family history of Pt. Paluskar.

3. From whom Pt. Paluskar got initial training in music.

4. In Pt. Paluskar time, much honour was not given to musicians, what was Pt. ji, reaction and what he determined to do.

5. In the words of Pt. Onkarnath thakur what is the peculiarity in the style of singing of Pt. Paluskar is.

6. What do you know about the travels of Pt. Paluskar and what was the trend of the people of these places about his styles of singing.

Books / References to be consulted:-

1. Hamare Sangeet Rattan by Laxmi Narayan Garg pub. by Sangeet Karyalaya Hatheas (U.P)

2. Sangeet Shastea Darpan by Smt. Shanti Goverdhan pub. by Ratnakar Pathak 27 Mahajani Tola Allahabad.

3. Sangeet Vishrat by Basant Pub. by Sangeet Karyalaya Hathras (U.P)

4. Sangeet Nibandh Malla Pub. Pathak Allahabad.

5. Sangeet Mani by Maharani Sharma Pub. Shree Bhunashowari Prakashan Allahabad.

Section -A

IV Writing of Definition of Ragas and Talas of the course of Study

Write Definition of Rag Yaman

Structure

1.0 Objective

1.1. Indenfitication of Raga

1.2 Frame work of selected Notes (Ground Plan)

i) Ascending order (Aroh)

ii) Descending order (Avroh)

iii) A phrase of Selected Notes (Pakad)

1.3 Distinctive features:-

(a) Rag Yaman (यमन)

1.1.1 Identification of Rag Yaman

दोहा :– सब ही तीवर सुरजंहा, वादी गन्धार–सुहाय

अरू संवाद निषाद तं, इमन राग कहलाया।

राग विवरणः– इस राग की उत्पत्ति अपने ही राग वाले थाट अर्थात कल्याण से मानी गई है। राग यमन में मध्यम तीव्र तथा अन्य स्वर शुद्ध लगते है। आरोह अवरोह में सब यानि सतों स्वरों का प्रयोग होता है। इसलिए इसकी जाति सम्पूर्ण सम्पूर्ण है।

1.2 Frame Work of selected notes (Ground Plan)

(i) Assending order (Aroh)

ii) आरोह :– नि़ रे ग, मे प ध नि सां

अथवा नि़ रे ग, मे प, मे ध नि सां

(iii) Descending order (Avroh)

अवरोह :– सं नि ध प, मे ग रे, नि़ रे स।

A phrase of selected notes (pakad)

पकड़:– नि़ रे ग, रे, प मे ग, नि़ रे ग रे, नि़ रे सा

1.3 Distinctive Features:-

विशेष विवरण:–

1. कल्याण राग में मध्यम तीव्र तथा सब स्वर लगते है। कल्याण प्राचीन नाम है। परन्तु मुस्लमानों के समय में इसे यमन या (इमन) कहर पुकारने लगे। कभी कभी इस राग में शुद्र मध्यम का प्रयोग करते है तब इससे यमन कल्याण कहकहर पुकारते है। इसमें शुद्ध म केवल अवरोह में दो गान्धारो के बीच प्रयोग किया जाता है। जैसे:– नि़ रे, ग मे प, प मे ग म गरे, नि़ रे सा।

2. करूणा इस की इस राग में प्रधानता है। गाधार स्वर वादी होने से यह पूर्वाअंग में आरोह करते हुए अधिकतर 'स' को टालकर एसे नि़रंग कहते है। तथा उतराग के स्वर कहते हुए 'प' स्वर को टालकर (वक रूप में) में ध नि सां इस प्रकार कहते है।

3. इस राग में नि, रे और प रे स्वर समुह बार बार प्रयोग किए जाते है। जैसे नि़ रे ग में प ऽ र ग रे नि़ रे स कुछ विद्वान इस राग के आरोह में प वर्जित करते है। इस प्रकार इसकी जाति पाडव सम्पूर्ण हो जाती है।

4. इस राग की प्रकृति गम्भी है। इसमें बड़ा अथवा छोटा ख्याल तराना घुपृद तथा मुमीत रवाना, राजखानी गते सामान्य रूप में गाह बजाह जाती है। इस राग का चलन तीनों सप्त को में होता है।

5. राग यमन के न्यास स्वर :– स, रे, ग, प और नि है।

6. कल्याण राग को आश्रय राग भी कहते है क्योंकि इस राग का जनक थाट कल्याण है।

7. सम–प्रकृति राग यमन –कल्याण है।

Section -A Indian Music

Writing detailed Definition of Ragas:-

Rag : Durga

Structure

1.0 Objective

1.1. Indentification of Raga

1.2 Frame work of selected Notes (Ground Plan)

i) Ascending order (Aroh)

ii) Descending order (Avroh)

iii) A phrase of Selected Notes (Pakad)

1.3 Distinctive features:-

1.4 Progress Exercise

1.5 Reference Books

Objective:-

After going through this topic the students should be able to :=

i) Know the identity of the Raga

ii) Know the melodic structure of the Raga (Tonality)

iii) Know the special features

2 Rag Durga (दुर्गा)

1.1.1 Identification of Rag Durga:-

दोहा :– याट बिलावल ग नि वर्जित औडव

औड़व जाति घ रे स्वर संवाद करत, जब गावत गुणि जन रात्रि।

राग विवरणः– इस राग की उत्पत्ति बिलावल याट से मानी गई है। इस राग में गं धार और निषाद स्वर का प्रयोग बिल्कुल ही नहीं होता। इसलिए इसकी जाति औडव औडव है यह बिलावल थाट का जन्य राग है। वादी स्वर मध्यम तथा संम्वादी स्वर षडज है। उतरांग प्रधान राग है। न्यास के स्वर स, रे, म, प है। गायन समय रात्रि का दूसरा प्रहर

1.2 Frame Work of selected notes (Ground Plan)

(i) Assending order (Aroh)

आरोह :– स रे म प ध सा

(ii) Descending order (Avroh)

अवरोह :– सं ध प म रे स रे ध सा

iii) A phrase of selected notes (pakad)

पकड़ः– रे म प ध, म रे, स रे, ध़ स

1.3 Distinctive Features:-

विशेष विवरणः–

हाँलाकि इस राग की वादी संवादी स्वर मल्यम और षउज है। परन्तु धैवत और निषभ स्वर इस राग के स्वरूप को स्पष्ट करने में महत्वपूर्ण है। प्राचीन ग्रन्थों में राग दुर्गा का गायन समय दोपहर था। और शायद तब इसका वादी स्वर धैवत रहा होगा। परन्तु आजकल चूकि इस राग का गायन वादन का समय रात्रि का दूसरा पहर मान्य है। इसलिए वादि स्वर मध्यम ही अधिक उचित है। दुर्गा नाम के एक राग की उत्पत्ति खामज याट से होती है और उसमें रिषम पंचम वर्जित है पर उसका स्वरूप इस दुर्गा राग से भिन्न होता है, दुर्गा से मिलता जुलता राग सोम का भी वर्णन मिलता है। पर प्रचार में यह राग नहीं है।

दक्षिण भारतीय संगीत के राग शुद्र सावेरी के स्वर भी वहीं है जो राग दुर्गा के है।

विशेष स्वरः– संगतियः–

1. म प ध, म ऽ रे, स रे घ़ स।
2. म प ध सां, ध, म रे ऽ प।
3. म रे ऽ प
4. रे म प ध म प ध, म रे, स रे ध़ स

Section -B

IV Definition of Talas from your course of study

ताल : भारतीय संगीत का प्राणा ताल है। इस संगीत में ताल परम्परा प्राचीन काल से चली आ रही है। ताल लय को दशाने की क्रिया है। संगीत में विभिन्न स्वरों के बीच जेा अन्तराल होता है। उसका ताल काल क्रिया मानम नापने के लिए ताल की क्रिया आरम्भ होती है। हृदय की गति और नाड़ी का चलन इस लय तत्व का उदाहरण है। लय के जन्म के साथ ही उसको र्दशाने के लिए किसी क्रिया की आवश्यकता पड़ी और ताल का जन्म हुआ। ताल की उत्पत्ति के विष्य में डा॰ अरूण कुमार सेन का मत है कि साहित्य में छद का और संगीत में ताल का जन्म स्वभाविक रूप से हुआ होगा। प॰ दामोदर मिश्र ने संगीत र्दपण में ताल की उत्पत्ति के विषय में लिखा हैः–

शिव शक्ति समायोगात ताल इत्यमधीयेत

अर्थात शिव ने तांडव से ता और पार्वती जी ने लास्य से ल का स्मरण किया और इस प्रकार शिव तथा शक्ति के समायोज से 'ताल शब्द' बना।

संस्कृत ग्रथ संगीतारण्व के अनुसार ताण्डव नृत्य (पुरूष) से ता और स्त्री के लास्य से ल लेकर ताल बना।।

आचार्य शाडंगदेव ने 'संगीत रत्नाकर; में आधार या तल अर्थ वाले तल् धातु से ताल शब्द की उतपत्ति मानी है।

ताल (वाध) प्राचीन ग्रंथों में ताल नामक एक धन के वाध की र्चचा मिलती है। यह वाध छ अंगुल व्यास गोल कासें का बना होता है। इसके बीच में दो अंगुल गहरा होता है। तथा मध्य में दो छेद होते है। जिसमें एक डोरी द्वारा वह जुडा रहता है। इससे दोनो हाथ से पकड कर बजाया जाता है। यह मंजीरे से मिलता जुलता एवं उससे आकार में बड़ा एक लोक वाध है। ताल की ध्वनि तेज जैसे डरे हुए हाथियों के कान फड़फडाये तो तालों की आवाज दुगुनी हो गई।

तीन ताल :–

ताल परिचयः– तीन ताल को त्रिताल भी कहते है। यह उत्तर भारतीय संगीत का सर्वाधिक लोकप्रिय एवं प्रचलित ताल है। यह ताल बहुत प्राचीन नहीं है। यवन काल में इस ताल का नाम 'रवमसा' ताल था। इस ताल के अनेक रूप भिन्न भिन्न नामों से प्रचार में है। और उन्हीं सभी का स्वरूप पूर्णतः तीन ताल के समान है।

उदाहरण के लिए :– तिलवाडा ताल, अदाताल, पंजाबी ताल तथा जत ताल का नाम लिया जा सकता है। तीन ताल मध्य दुत और अतिदुत लयों में बजाने के लिए अत्यन्त उपयुक्त ताल है। तबल पर सोलो वादन में इसका खूब प्रयोग होता है। अधिकतर मध्य लय की छोटे ख्याल की बंदिशे तथा सितार, सरोद तंत्र वाधों में मसीत खानी और रजाखानी गते तीन ताल में गाई बजाई जाती है। कथक नृत्य में भी तीन ताल का प्रमुख रूप से प्रयोग होता है। इस ताल में पेशकारा कायदा टुकडा, परन गत आदि सभी कुछ बजाया जाता है। इसका छन्द रूप 4/4/4/4 है।

एक तालः–

ताल परिचय

ख्याल गायकी के संग जन्मी, द्वादस मात्राओं का एक ताल।

एक पाँच नौ ग्यारह ताली और तीन ताल पर खाली तबले के इस मधुर ताल को सभी लोग पसन्द करते हैं। सभी लयों और गायन वादन में सभी प्रयोग करते स्वच्छन्द है । आधुनिक ख्याल गायकी के युग में विलम्बित लय में बजाया जाने वाला सबसे अधिक प्रचलित ताल एक ताल है। एक ताल और चौताल के स्वरूप और आघात में कोई अन्तर नहीं है। केवल ठेके बे बोलो में अन्तर है। एक ताल के नामकरण के बारे में कोई तर्क नहीं मिलता। स्वतंत्र वादन में भी इसका प्रयोग होता है। इस ताल की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह प्रति विलम्बित लय से लेकर अति दुत लय तक बरर्पूबी बजाया जाता है। यह एक सम–पद ताल है। इस का छन्द–रूप 2/2/2/2/2/2 है। एक ताल में पेशकारा, कायदा, टुकडा, परन, आदि सभी कुछ बजाया जाता है।